# WORKSHEET

इन प्रश्नों के उत्तर लिखें — Std VI

Q1. कवि ने प्रातःकाल के दृश्य का वर्णन कैसे किया है?

Q2. प्रकृति को ईश्वर की रचना क्यों कहा गया है?

Q3 रात्रि में चाँद तारे महफिल सजाकर हमें क्या संदेश देते हैं?

Q4. मनुष्य को प्रकृति से जुड़े रहने के लिए क्या उपाय करना चाहिए?

Q5 प्रकृति को नुकसान पहुँचाने से हमें किन कठिनाइयों का सामना करना पड़ेगा?

Q6. इन शब्दों को बहुवचन रूप लिखें :-

नदी - संदेश - लहर -
कली - बूँद - याद -

Q7. इनके तीन-तीन पर्यायवाची शब्द लिखें :-

बिजली - तारा - चिड़िया -
दुनिया - हवा - नदी -

Q8. पुनरुक्त अर्थात एक शब्द का दो बार प्रयोग जैसे हँस-हँस । ऐसे ही तीन शब्द लिखें?

Q9. विपरीतार्थक शब्द-युग्म अर्थात विपरीत अर्थ वाले शब्द का एक साथ प्रयोग जैसे - ऊँचा-नीचा, ऐसे ही तीन शब्द लिखें?

Q10. अनेक शब्दों के लिए एक शब्द लिखें :-

नृत्य करने वाला -
साहित्य की रचना करने वाला -
सृजन करने वाला -
पालन करने वाला -

Q11 इनके विपरीत लिखें :-

उदय -
खुशबू -
शांत -

Scanned with CamScanner

Q12 लेखक को गोल्फ खेलने का शौक कब हुआ ?

Q13. लेखक के मुँह का जायका क्यों बिगड़ गया ?

Q14. बिना गोल्फ खेले ही लेखक क्यों लौट गए ?

Q15. लेखक को ऐसा क्यों लगता है कि नेचर, ब्रह्मांड और ब्रह्म के साथ उनका सीधे मैच हो रहा है ?

Q16. गोल्फ खेल को अमीरों का खेल क्यों कहा जाता है ?

Q17. लेखक के मित्र को गुल्ली-डंडा खेलने का विचार क्यों आया ?

Q18. आज लोग गाँव के खेल क्यों भूलते जा रहे हैं ?

Q19. तीन ऐसे खेलों का नाम लिखें जिनकी शुरुआत भारत से हुई ?

Q20 दो वाक्यों को जोड़ने वाले शब्द हैं क्योंकि, इसलिए, बल्कि इन तीनों शब्दों का प्रयोग कर तीन वाक्य लिखें ?

Q21. पाँच ऐसे शब्द लिखें जिनमें नुक्ते का प्रयोग हो? जैसे ज़ायका

Q22 इक प्रत्यय लगाकर तीन शब्द लिखें ?

Q23 इन शब्दों के दो भिन्न अर्थ लिखें ! — (जैसे कर - हाथ, टैक्स)

कल >

पत्र >

काल >

उत्तर >

## प्रश्न । अभ्यास

**निम्नलिखित गद्यांशों को ध्यानपूर्वक पढ़कर उनके नीचे पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए—**

### 1.

शिक्षा मनुष्य को मस्तिष्क और देह का उचित प्रयोग करना सिखाती है। वह शिक्षा जो मानव को पाठ्य-पुस्तकों के ज्ञान के अतिरिक्त कुछ गंभीर चिंतन न दे, व्यर्थ है। यदि हमारी शिक्षा हमें सुसंस्कृत, सभ्य, सच्चरित्र एवं अच्छे नागरिक नहीं बना सकती, तो उससे क्या लाभ? सहृदय, सच्चा परंतु अनपढ़ मज़दूर उस स्नातक से कहीं अच्छा है, जो निर्दय और चरित्रहीन है। संसार के सभी वैभव और सुख-साधन भी मनुष्य को तब तक सुखी नहीं बना सकते जब तक कि मनुष्य को आत्मिक ज्ञान न हो। हमारे कुछ अधिकार व उत्तरदायित्व भी हैं। शिक्षित व्यक्ति को उत्तरदायित्वों का उतना ही ध्यान रखना चाहिए जितना कि अधिकारों का।

**प्रश्न : (क) उपर्युक्त गद्यांश का उपयुक्त शीर्षक दीजिए।**

**(ख) शिक्षा मनुष्य को क्या सिखाती है?**

**(ग) कौन-सी शिक्षा व्यर्थ है?**

**(घ) अनपढ़ मज़दूर किसकी अपेक्षा अच्छा है?**

**(ङ) मनुष्य को वैभव और सुख-सुविधाओं के साधन सुखी क्यों नहीं बना सकते?**

Scanned with CamScanner